फागण की रुत ये लाई बहार भजन लिरिक्स

फागण की रुत ये लाई बहार,
मन में उमंगें छाई अपार,
प्यारा ये नज़ारा है मेरे सांवरे,
झूमे जग सारा है मेरे सांवरे।bd।

तर्ज – आने से उसके।

आ गए हम बाबा,
तेरी चौखट पे तुझको मनाने,
मांगने ना आये,
आये थोड़ा सा रंग लगाने,
रंगो से लाल करें,
चेहरा ये तुम्हारा है मेरे सांवरे,
झूमे जग सारा है मेरे सांवरे।bd।

सुन सुनाई देती,
ढोल ढपली की तान सुहानी,
तू भी आजा बाबा,
मत कर श्याम तू मनमानी,
आज तेरे भक्तों ने,
तुझको पुकारा है मेरे सांवरे,
झूमे जग सारा है मेरे सांवरे।bd।

सोच ले कन्हैया,
ये मौका दोबारा ना आये,
प्रेमियों को अपने,
बोल कान्हा क्यों इतना सताये,
देख ज़रा 'शिवम' ये,
लाल तुम्हारा है मेरे सांवरे,
झूमे जग सारा है मेरे सांवरे।bd।

फागण की रुत ये लाई बहार,
मन में उमंगें छाई अपार,
प्यारा ये नज़ारा है मेरे सांवरे,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

झूमे जग सारा है मेरे सांवरे।bd।

Singer – Sakshi Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com